क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना
लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)–473001
Email- registrar24kttu@gmail.com

क्रमांक 1692/प्रशासन/ क्रां.ता.वि./2026

गुना, दिनांक ~~20.02.2025~~ 20/02/2026

//स्नातकोत्तर प्रवेश पात्रता परीक्षा अधिसूचना 2026–27//

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2026–27 मे मेजर/माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों मे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे प्रवेश के इच्छुक छात्रों को इच्छित विषय मे **CUET-PG** परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है । इस हेतु क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु विश्वविद्यालय में संचालित निम्नलिखित स्नातकोत्तर/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता परीक्षा मार्च 2026 मे आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

स्नातकोत्तर कला संकाय (M.A.):–

अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, संस्कृत, समाजशास्त्र।

स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय (M.Sc.)/वाणिज्य संकाय (M.Com.):-

जैव–प्रौद्योगिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, गणित, भौतिकी, प्राणी विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं एम.कॉम.।

सामान्य निर्देशः–

1. यह पात्रता परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए है जो स्नातक स्तर पर अध्ययन किए गए मेजर/माइनर विषय से भिन्न विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश लेना चाहते हैं।
2. स्नातक उपाधि प्राप्त अथवा अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी इस परीक्षा हेतु पात्र होंगे।
3. परीक्षा ऑफलाइन (पेन–पेपर) माध्यम से आयोजित की जाएगी।
4. परीक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी रहेगा (विषय अनुसार)।
5. परीक्षा दिनांक 30 मार्च 2026 को (दोपहर 01:00 बजे से 04:00 बजे तक) क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना म.प्र. के परिसर में आयोजित की जायेगी।
6. प्रवेश मेरिट के आधार पर विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार किया जाएगा।

कुलसचिव
Registrar
क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय
Krantiveer Tatya Tope University
गुना (म.प्र.)
Guna (M.P.)

Scanned with OKEN Scanner